Title : Regarding withdrawal of inivitation to Shri Amitabh Bachchan as chief guest of the International Film Festival held at Goa.

- Re: Reported withdrawal of invitation to Shri Amitabh Bachhan

as Chief Guest of the International Film Festival held at Goa

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि भारतीय फिल्म महोत्सव जो गोवा में हुआ है, उसमें पिछली शताब्दी के महानायक, महान कलाकार श्री अमिताभ बच्चन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया लेकिन उसके बाद इस सरकार द्वारा उनका अपमान किया गया। श्री अमिताभ बच्चन इस सदन के सदस्य भी रह चुके हैं। श्री जयपाल रेड्डी जी ने उनको पत्र लिखकर कहा कि आप चूंकि समाजवादी पार्टी से जुडे हुए हैं इसलिए आप इस समारोह में न आये। हम कहना चाहते हैं कि एक तरीके से यह शताब्दी के महानायक का अपमान हुआ है और समाजवादी पार्टी को भी अपमानित करने का काम किया गया है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सरकार सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और शताब्दी के महानायक से माफी मांगकर उन्हें सम्मान दे।

अभी लीलावती अस्पताल में जब वह जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे थे तब सभी टेलीविजन चैनलों ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी लेकिन दूरदर्शन के चैनल ने उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस प्रकार से दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि सरकार पत्र लिखकर श्री अमिताभ बच्चन जी से माफी मांगे और शताब्दी के महानायक कलाकार को सम्मान दे। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं शैलेन्द्र कुमार जी की बात से अपने को संबद्ध करता हूं। यह एक गंभीर मामला है। मैं कहना चाहता हूं कि यह अपमान आमंत्रण देकर किया गया है। यह भारतीय संस्कृति की परम्परा के खिलाफ है कि आप आमंत्रण दे और उसके बाद आमंत्रण वापस ले लें। यह एक गंभीर बात है। भारतीय संस्कृति की परम्परा के खिलाफ है। मैं चाहूंगा कि गवर्नमैंट इस पर स्पष्टीकरण दे या पूरे देश के सामने माफी मांगे। भारतीय संस्कृति की परम्परा का अपमान नहीं होना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, इस पर मंत्री जी का जवाब आना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): Mr. Deputy-Speaker Sir, I will definitely bring the matter to the notice of the concerned Minister. But I do not accept any discrimination. I deny that discrimination had been shown to a great artiste like Shri Amitabh Bachchan...(*Interruptions*)

PROF. RAM GOPAL YADAV : Sir, it has appeared in all the newspapers that because of his proximity with Samajwadi Party, this type of discrimination was shown to him...(*Interruptions*)

SHRI BIJOY HANDIQUE: Sir, anyway, I will definitely bring this matter to the notice of the concerned Minister.

उपाध्यक्ष महोदय : मंत्री जी ने कह दिया है कि मैं कन्सर्न मंत्री के नोटिस में यह लाऊंगा।

श्री हेमलाल मुर्मू ----- अनुपस्थित